बनें ट्रूपल के करियर वेबिनार का हिस्सा, पाएं ज्ञान के साथ उपहार

कोरोना के कारण दुनिया भर में लॉक डाउन लगाया गया था। अब धीरे-धीरे हर जगह लॉक डाउन खुल रहा है। सभी तरह के काम फिर से पटरी पर लौट रहे हैं लेकिन अगर कुछ पहले की तरह सामन्य होता नहीं दिख रहा तो वह है छात्रों की पढ़ाई। जिन छात्रों ने इसी साल दसवीं या बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है, उनके लिए भी यह काफी मुश्किल वक़्त है। कोरोना काल की वजह से उपजी परिस्थियों के बाद, बच्चों का उनके भविष्य को लेकर चिंतित होना लाजमी है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए, देश के प्रमुख डिजिटल प्लेटफार्म ट्रूपल डॉट कॉम ने "Career खोज- अ करियर गाइडेंस सीरीज बाय ट्रूपल" की शुरुआत की है। इस वेबिनार सीरीज में अलग अलग करियर फील्ड के प्रैक्टिसनर बच्चों के मन में उठने वाली दुविधाओं को दूर करते हैं। ख़ास बात यह है कि इस वेबिनार सीरीज का हिस्सा बन रहे बच्चों को अधिक से अधिक सवाल पूछने पर आकर्षक उपहार भी भेंट किये जा रहे हैं।

चैनल के क्रिएटिव हेड इक़बाल पटेल ने बताया कि, 'Career खोज' अपने आप में ऐसा पहला वेबिनार सेशन सीरीज है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग, मेडिकल, फाइनेंस, मास कम्युनिकेशन, पीआर, फैशन, फिल्म & टीवी जैसे विभिन्न विषयों पर, सम्बंधित क्षेत्र के अभ्यार्थियों-प्रॉफेश्नल्स द्वारा महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी जाती है। यह लाइव सेशन प्रोग्राम 9 जुलाई से 14 अगस्त के बीच चलाया जा रहा है, जिसके रजिस्ट्रेशन पूरी तरह फ्री हैं।

'Career खोज' वेबिनार विभिन्न विषयों और पाठ्यक्रमों के लिए छात्रों को अपनी पसंद का विषय या कोर्स चुनने का अवसर प्रदान करता है। हमें अक्सर यह देखने को मिलता है कि बच्चे खासतौर पर 12वीं या ग्रेजुएशन के बाद दिशाविहीन हो जाते हैं। वह करियर को लेकर सही चुनाव कर पाने में समर्थ नहीं होते और यह एक ऐसा समय होता है जब उन्हें अपनी पसंद और पैशन दोनों को साथ लेकर चलने की जरुरत होती है। 'Career खोज' ऐसे युवाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकता है जिनके पास करियर का सही चुनाव करने के लिए कोई सटीक गाइडेंस मौजूद नहीं है। अधिक जानकारी के लिए विजिट करें https://sites.google.com/view/carrer-khoj-troopel-com/home